प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन आज सरकार ने पेश की भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट, कई बिल पास, सदन के बाहर भाजपा के निलंबित विधायकों का प्रदर्शन।

2- सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 की परीक्षा दोबारा कराने की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज की, कहा– परीक्षा में व्यवस्थागत चूक नहीं, पेपर लीक का असर पटना और हजारीबाग तक ही सीमित।

3- नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दाखिल की पहली चार्जशीट, 13 को बनाया आरोपी, हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य, उपप्राचार्य समेत अन्य के खिलाफ जांच जारी।

4- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन आज से शुरु, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी ले रहे हैं भाग।

5- मौसम विभाग ने दुमका, पलामू, गढ़वा और गोड्डा समेत राज्य के कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**********************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आज अंतिम दिन है। पहली पाली में सरकार की ओर से कैग की रिपोर्ट पेश की गयी। इसके साथ ही निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024, अग्निशमन विधयेक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक और खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश किया गया, जिन्हें पारित कर दिया गया। सदन में खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा यह विधेयक राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

इधर, सदन के बाहर आज भी निलंबित भाजपा विधायकों का प्रदर्शन जारी रहा। विधायकों ने बालू बेचकर सरकार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 अक्टूबर तक एनजीटी ने बालू उठाव पर रोक लगा रखी है, ऐसे में सरकार मुफ्त बालू का केवल वादा कर जनता को गुमराह कर रही है।

**********************

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि राहुल गांधी पहले पत्रकारों की जाति पूछा करते थे लेकिन अब खुद की जाति बताने से परहेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जाति जनगणना कराई जाती है, तो राहुल गांधी को भी अपनी जाति बतानी होगी।

**********************

झारखंड सहित चार प्रदेशों में विधानसभा चुनाव इसी साल होने हैं। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने चार प्रदेशों के लिए स्क्रीनिंग कमिटी का गठन कर दिया है। झारखंड प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडानकर को बनाया गया है, जबकि पूनम पासवान और प्रकाश जोशी सदस्य बनाए गए हैं।

**********************

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा 2024 दोबारा कराने और परिणाम रद्द करने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालन ने कहा है कि परीक्षा में सिलसिलेवार गड़बड़ियां नहीं मिली हैं। पेपर केवल दो सेंटर पटना और हजारीबाग में लीक हुआ। शीर्ष अदालन ने एनटीए की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई एक्सपर्ट कमेटी से कहा है कि वह नीट के लिए एसओपी तैयार करे। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में खामियों की पहचान भी करे। कमेटी से 30 सितंबर तक जवाब मांगा गया है। केंद्र सरकार ने एनटीए के पूरे सिस्टम की जांच के लिए 22 जून को इसरो के पूर्व चेयरमैन के. राधाकृष्णन की अगुआई में एक्सपर्ट कमेटी बनाने की घोषणा की थी। सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ियों से जुड़ी 40 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। इन पर 23 जुलाई को सुनवाई पूरी हो गई थी लेकिन अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था।

**********************

सीबीआई ने नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में पटना पुलिस द्वारा परीक्षा के दिन गिरफ्तार किये गये सिकंदर यादवेंदु, नीतीश कुमार और अमित आनंद सहित 13 को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में गिरफ्तार हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य और उप प्राचार्य समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में शुरु हो गया है। यह राष्ट्रपति के संचालन में राज्यपालों का पहला सम्मेलन है और झारखंड समेत सभी राज्यों के राज्यपाल इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

**********************

देश की राजधानी दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद देशभर में कोचिंग सेंटरों की जांच शुरू कर दी गई है। रांची जिला प्रशासन द्वारा दर्जन भर कोचिंग सेंटरों की जांच की गई। रांची एसडीएम उत्कर्ष के नेतृत्व में किए गए औचक निरीक्षण में ज्यादातर कोचिंग सेंटर सुरक्षा मानको पर खरे नहीं पाये गये।

**********************

इधर, हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिले के सभी प्रखंडों में संचालित विभिन्न शिक्षण कोचिंग संस्थानों में आवश्यक मानकों की व्यवस्था की जांच के लिए छह सदस्यीय जांच दल गठित किया है। जांच दल ने जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के क्रम में यह पाया गया कि इन कई संस्थान सुरक्षा मानकों को पूर्ण नहीं करते है। उपायुक्त ने सभी संस्थानों को सुरक्षा के सभी मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के किरीबुरु पर्यटन स्थल का विकास, इको टूरिज्म क्षेत्र के रूप में किया जाना है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में कल रात से ही भारी बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, दुमका और गोड्डा समेत राज्य के अन्य हिस्सों में आज और कल गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया है। इस सिलसिले में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

हॉकी झारखंड के तत्वावधान में नवल टाटा झारखंड जूनियर राज्य हॉकी चैंपियनशिप चार अगस्त से जमशेदपुर में शुरू होगी। 19 साल से कम उम्र की श्रेणी में पुरुषों की कुल आठ टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। सभी मैच नवल टाटा हॉकी अकादमी में होंगे। जूनियर प्रतियोगिता आठ अगस्त को समाप्त होगी, जबकि सब–जूनियर श्रेणी के मैच 10 से 14 अगस्त तक होंगे।

********समाप्त********